**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 14.11.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

**1— राजधानी रायपुर में आज से शुरू हुआ जनजातीय गौरव दिवस और अंतर्राष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव—मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।**

**2— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के जामुई से कल जनजातीय गौरव दिवस का शुभारंभ करेंगे।**

**3— प्रदेश में समर्थन मूल्य पर आज से शुरू हुई धान खरीदी।**

**4— नागपुर से कोलकाता जा रही फ्लाईट में बम होने की अफवाह के बाद रायपुर एयरपोर्ट में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग।**

**मुख्यमंत्री—जनजातीय गौरव दिवस**

भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस और अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर इक्कीस राज्यों के आदिवासी नर्तक दलों के कलाकारों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जन—मन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय के गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास हो रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी गांवों के समग्र विकास के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के छह हजार छह सौ इंक्यानवे आदिवासी गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास और जनजातीय समुदाय के कल्याण के काम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। रायपुर में हो रहे इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत दो दिनों तक विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी, जनजातीय चित्रकला प्रदर्शनी के साथ ही देश के इक्कीस राज्यों के अट्ठाईस आदिवासी नर्तक दल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों खासकर जनजातीय समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं।

**प्रधानमंत्री—जनजातीय गौरव दिवस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पंद्रह नवंबर को बिहार के जमुई में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में भाग लेंगे। इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आदिवासी समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये छत्तीसगढ़ में हो रहे समारोहों को संबोधित करेंगे। साथ ही पीएम जन—मन योजना में शामिल जिलों के हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का पीएम जन—मन योजना में शामिल जिलों में सीधा प्रसारण कर दो तरफा संवाद की व्यवस्था की जाएगी। पीएम जन—मन और **''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान''** के तहत ग्राम, विकासखंड और जिला स्तर पर योजनाओं का प्रचार—प्रसार के साथ ही कल पंद्रह से छब्बीस नवंबर तक सभी चिन्हांकित गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

**धान खरीदी**

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के गुंडरदेही विकासखंड के भांठागांव से धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से खरीदी केंद्रों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार सत्ताईस लाख से अधिक किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया है। सरकार द्वारा धान का भुगतान बहत्तर घंटे के अंदर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो हजार सात सौ से अधिक उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी के लिए सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस की व्यवस्था की गई है।

धान खरीदी के पहले दिन खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा रायपुर जिले के तहत अभनपुर के केन्द्री और पिपरौद गांव के धान खरीदी केन्द्र पहुंची। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तराजू से धान खरीदने की प्रक्रिया और बायोमेट्रिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बारदानों की उपलब्धता की जानकारी भी ली।

## उपचुनाव–ईव्हीएम सील

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान संपन्न हुआ। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए रायपुर के जिला उपनिर्वाचन अधिकारी उमा शंकर बन्दे ने बताया कि मतदान के बाद सभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम को मतगणना के दिन तेईस नवंबर को खोला जाएगा। श्री बंदे ने बताया कि इस उपचुनाव में पचास दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत लोगों ने वोट डाले हैं।

## नई औद्योगिक विकास नीति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शाम नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति दो हजार चौबीस–तीस का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। नई औद्योगिक नीति को उद्योग विभाग द्वारा संबंधित सभी हितपक्षों, औद्योगिक संगठन, औद्योगिक समूहों, संबंधित विभागों के साथ संवाद और विचार–विमर्श कर तैयार किया गया है।

## विमान–लैंडिंग

नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम होने की सूचना मिलने के बाद आज विमान की रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस विमान में एक सौ सतासी यात्री और करीब छह क्रू मेंबर सवार थे। रायपुर में विमान के पहुंचने के बाद सीआईएसएफ और रायपुर पुलिस की टीम ने सभी यात्रियों को विमान से उतारकर पूरे विमान की तलाशी ली। इस तलाशी में विमान या किसी भी यात्री के सामान में कोई विस्फोटक नहीं मिला। बाद में विमान को कोलकाता के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस ने विमान में बम होने की गलत सूचना देने के आरोप में नागपुर के रहने वाले अनिमेष मंडल नाम के यात्री को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## दुर्घटना

बस्तर जिले के किलेपाल क्षेत्र में आज सुबह एंबुलेंस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एंबुलेंस सवार दो मेडिकल स्टाफ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, छह अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह एंबुलेंस किरंदुल स्थित एनएमडीसी अस्पताल से एक मरीज को लेकर रायपुर मेडिकल कॉलेज आ रही थी। एंबुलेंस में आठ लोग सवार थे। इसी दौरान कोडेनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह हादसा हो गया। इधर, गरियाबंद जिले में बीती रात ड्यूटी के बाद देवभोग वापस लौटते समय एसडीएम तुलसी दास मरकाम की गाड़ी अनियंत्रित होकर धवलपुर नाले के पास पलट गई। इस घटना में एसडीएम और तहसीलदार विजय सिंह को मामूली चोंटे ही आई हैं। वहीं, गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

## ट्रेन परिचालन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर–कटनी सेक्शन के नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का कार्य चौबीस से तीस नवंबर तक किया जाएगा। इसके कारण इस मार्ग से गुजरने वाली चौबीस गाड़ियां रद्द रहेंगी। वहीं, दो गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से होकर चलेंगी। रद्द होने वाली गाड़ियों में बिलासपुर–इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस जबलपुर–अम्बिकापुर एक्सप्रेस, बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस और रीवा–चिरमिरी पैसेंजर सहित चौबीस गाड़ियां शामिल हैं।

## बस्तर ओलंपिक

बस्तर संभाग के सभी जिलों में इन दिनों बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ जैसे दुर्गम इलाके में बच्चों से लेकर बुजुर्गों में बस्तर ओलंपिक को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के जनजातीय बहुल क्षेत्रों के खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को निखारना है। नारायणपुर के बोरावण्ड गांव के खिलाड़ियों ने इस आयोजन की सराहना की है। बस्तर ओलंपिक के पहले चरण में छह से सोलह नवंबर तक विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। वहीं, दूसरे चरण में उन्नीस से छब्बीस नवम्बर तक जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद अंतिम चरण में संभाग स्तरीय

खेल प्रतियोगिताएं होंगी। बस्तर ओलंपिक के तहत खो–खो, कबड्डी, व्हालीबॉल, ऊंची कूद, तवाफेंक, फुटबॉल, गोलाफेंक, तीरदांजी और बैडमिन्टन जैसे खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश के वातावरण में नमी की मात्रा धीरे–धीरे कम हो रही है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट हो रही है। सोलह नवंबर से न्यूनतम तापमान में कमी होगी और ठंड बढ़ने लगेगी।

**<u>संक्षिप्त समाचार–01</u>**

– केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापनों पर रोकथाम के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

– उपमुख्यमंत्री अरूण साव कल मुंगेली में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के प्रदेशव्यापी हितग्राही सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

– केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दो सौ तीस करोड़ रूपये मंजूर किए हैं।

– राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर में आज एक अत्याधुनिक इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया गया।

– राज्य सरकार ने सात आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। संजीव कुमार झा को पाठ्य–पुस्तक निगम के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

– पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में सचिव दिनेश शर्मा ने पंडित नेहरू के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

– बलौदाबाजार हिंसा मामले में रायपुर केंद्रीय जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड अवधि तेईस नवंबर तक बढ़ा दी गई है।

– प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख ने विभागीय समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर मोहला वनमंडल में पदस्थ रेंजर हरि सूरजबली सिन्हा को निलंबित कर दिया है।

**<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>**

– बेमेतरा जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में एसडीएम और एक नगर सैनिक को गिरफ्तार किया है।

– "गीत वितान कला केंद्र" की ओर से भिलाई के जयंती स्टेडियम में सत्रह नवंबर को शाम छह बजे से संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा।

– गोवा में कल से आयोजित होने जा रहे एशियन थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के नौ खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। इसमें दंतेवाड़ा जिले के पांच खिलाड़ी भी शामिल हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>